डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

## अमर उजाला माईसिटी

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 03

# लीगल, परीक्षा व एकेडमिक कार्य अब ई समर्थ से होंगे

### कुलपति ने ई-समर्थ को लागू करने के बारे में शिक्षकों व अधिकारियों को दी जानकारी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में ई समर्थ को लागू करने के लिए कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में अधिकारियों और शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। कुलपति ने बताया कि ई-समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही आरटीआई, लीगल, परीक्षा, एकेडमिक, मार्कशीट, डिग्री जैसे सभी कार्य निष्पादित किए जाएंगे।

कुलपति ने बताया कि अब सभी छात्र समर्थ पोर्टल से पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारी अपने लॉगिन के डैशबोर्ड पर पा सकेंगे। कुलपति ने आगे बताया कि आवासीय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से ही सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया गया है।

नोडल अफसर प्रो शैलेन्द्र कुमार ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर व संबद्ध महाविद्यालय में लागू होने वाली ई- गवर्नेंस की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। वहीं बैठक में कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. तुहिना वर्मा, प्रो. नीलम पाठक मौजूद रहे।



अवध विवि में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करतीं कुलपति। -स्रोत:विवि

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सर्वोत्तम अंक पाने वाले 114 छात्र-छात्राओं को देंगीं स्वर्ण पदक

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह 20 सितंबर को सुबह11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत् विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो.भगवती प्रकाश शर्मा होंगे।

इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी रहेगी। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदान करेंगी। इसमें विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलॉकर में अपलोड होंगी। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी। (संवाद)

# अमर उजाला माईसिटी

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 | पृष्ठ संख्या: 04

## स्वर्णिम भविष्य के लिए कौशल जरूरी

अमर उजाला ब्यूरो

अयोध्या। अवध विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में पेंटिंग, रंगोली व वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।



अवध विवि में पेंटिंग प्रतियोगिता का अवलोकन करतीं कुलपति। -स्रोत: विवि

कुलपति प्रो.प्रतिभा गोयल ने कहा कि भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए कौशल का होना बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो. नीलम पाठक, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. विवेक उपाध्याय, आशीष मिश्रा, प्रवीन मिश्र सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# अमृत विचार

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 02


## भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए कौशल जरूरीः कुलपति



प्रतियोगिताओं का निरीक्षण करतीं कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल।

**अयोध्या, अमृत विचार** : अवध विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत दीक्षांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत दूसरे दिन मंगलवार को कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में चल रही पेंटिंग और रंगोली व वाद-विवाद प्रतियोगिता के छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए कौशल का होना बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो. नीलम पाठक, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. सुरेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 04

# छात्रों को दिए जाएंगे 114 स्वर्ण पदक व 170 पीएचडी उपाधियां

## राज्यपाल के हाथों दो लाख 218 उपाधियां डिजिलॉकर में होंगी अपलोड

अयोध्या कार्यालय

### अवध विवि का दीक्षांत समारोह

- सतत विकास शिक्षा संस्थान के चेयरमैन प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा होंगे मुख्य अतिथि
- 29वां दीक्षांत समारोह 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से होगा आयोजित



**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को सुबह 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा होंगे।

इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी होंगी। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कुल 114 स्वर्ण पदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलॉकर में अपलोड होंगी। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएंगी।

मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने मंगलवार को बताया कि अतिथियों का स्वागत कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल द्वारा किया जायेगा। कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समितियां कार्यों को अंतिम रूप दे रही हैं। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। इसके लिए कुलपति खुद तैयारी की निगरानी कर रही हैं।

अमृत विचार

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 04

# संविधानवाद नागरिकों की रक्षा करने पर आधारित : प्रो. सुचिता

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** संविधानवाद एक राजनीतिक सिद्धांत है, जो सरकार की शक्ति को सीमित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने पर आधारित है। ये बातें मंगलवार को बीएनकेबी पीजी कॉलेज अम्बेडकरनगर की प्राचार्या प्रो. सुचिता पांडेय ने कहीं। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में विधि विभाग में आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि यह सिद्धांत संविधान के माध्यम से सरकार के कार्यों को नियंत्रित करने का प्रयास करता है, ताकि कोई भी सरकार अपने अधिकारों का दुरुपयोग न कर सके और नागरिक स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके। विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार राय ने कहा कि संविधानवाद का तात्पर्य सीमित सरकार से है। यह लोकतंत्र, कानून का शासन और मानव अधिकारों के सम्मान पर आधारित होता है। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को अवैध या निरंकुश शक्ति नहीं मिले। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि मौलिक अधिकारों के प्रावधान नागरिकों को सरकारी दमन से बचाने के लिए हैं, जबकि संविधान में संशोधन की प्रक्रिया इसे लचीला बनाती है। संचालन वन्दना गुप्ता ने किया।

# हिन्दुस्तान

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 03




संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. सुचिता पाण्डेय का स्वागत करते शिक्षकगण।

## संविधानवाद नागरिकों की रक्षा करने पर आधारित

**अयोध्या।** बीएनकेबी पीजी कॉलेज अम्बेडकरनगर की प्राचार्य प्रो. सुचिता पांडेय ने कहा कि संविधानवाद एक राजनीतिक सिद्धांत है जो सरकार की शक्ति को सीमित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह सिद्धांत संविधान के माध्यम से सरकार के कार्यों को नियंत्रित करने का प्रयास करता है, ताकि कोई भी सरकार अपने अधिकारों का दुरुपयोग न कर सके। उन्होंने कहा कि संविधानवाद का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार कानून के दायरे में काम करे।

# दैनिक जागरण

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 02


## दीक्षा समारोह में मेधावियों को मिलेंगे 114 स्वर्णपदक

संसू, जागरण • अयोध्या : डा राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षा समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में होगा। अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि यूनेस्को महात्मा गांधी शांति एवं सतत् विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चेयरमैन प्रो भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी रहेगी। स्वागत कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल करेंगी। समारोह में राज्यपाल सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को कुल 114 स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होगी। वहीं दीक्षा समारोह में 170 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जायेगी। मीडिया प्रभारी डा. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीक्षा समितियां कार्य को अंतिम रूप दे रही हैं।

MITED

# दीक्षांत में 114 स्वर्णपदक एवं 170 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जायेगी



## राज्यपाल के हाथों दो लाख 218 उपाधियां डिजिलॉकर में होगी अपलोड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत् विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो0 भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी रहेगी। कार्यक्रम का स्वागत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होगी। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समितियां कार्यो को अंतिम रूप दे रही है।

# नेशनल प्रेस टाइम्स

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 05

नेशनल प्रेस टाइम्स
राष्ट्रीय संस्करण
बुधवार 04 सितम्बर 2024
उत्तर प्रदेश

## डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के दीक्षांत समारोह में 114 स्वर्णपदक एवं 170 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जायेगीं।

एनपीटी ब्यूरो



अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस समारोह कीअध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एम0जी0आई0ई0पी0, महात्मा गांधी शांति एवं सतत विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो0 भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी रहेगी। कार्यक्रम का स्वागत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होगीं। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समितियां कार्यों को अंतिम रूप दे रही है।

स्वतंत्र चेतना

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 03

# ई-समर्थ से कार्यो में पारदर्शिता लाई जायेगी: कुलपति

## कुलपति ने ई- समर्थ के इंप्लीमेंटेशन के लिए की बैठक



स्वतंत्र चेतना, अयोध्या। अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में सोमवार को सायं चार बजे परिसर में ई-समर्थ के इंप्लीमेंटिशन के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ बैठक हुई।

उन्होंने बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही आरटीआई, लीगल, परीक्षा, एकेडमिक, मार्कशीट, डिग्री जैसे सभी कार्य निष्पादित किए जाएगे। अब सभी छात्र समर्थ पोर्टल से पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारी अपने लगिन के डैशबोर्ड पर पा सकेंगे। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने ई-समर्थ के इंप्लीमेंटिशन की जानकारी लेते हुए बताया कि आवासीय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के छात्रों का रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक छुट्टी का आवेदन इसके माध्यम से ही कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से ही सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कार्यालयीय कार्यों को समर्थ पोर्टल पर लाया जायेगा। जिससे कार्यों में पारदर्शिता आयेगी।

बैठक में नोडल अफसर प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालय में लागू होने वाली ई गवर्नेंस की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। इस बैठक में कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 नीलम पाठक, डॉ0 पीके द्विवेदी, उपकुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, मोहम्मद सहील, प्रोग्रामर रवि प्रकाश मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट सिस्टम पोर्टल का हुआ शुभारम्भ



स्वतंत्र चेतना, अयोध्या। महापौर मंहत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा नगर निगम अयोध्या में क्रियान्वित विभिन्न परियोजनाओं को एकीत प्रणाली के माध्यम से एक ही पोर्टल पर संग्रहित किये जाने हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट सिस्टम पोर्टल का शुभारम्भ किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से निगम के विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं व अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त होगी। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अनुभागाध्यक्षों को संचालित परियोजनाओं को पोर्टल पर फीड कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

इस अवसर पर महापौर ने बताया कि नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित/संचालित है, योजनाओं के सम्यक मानीटरिंग व एक ही पोर्टल पर निगम की समस्त योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त किये जाने व पारदर्शिता के उद्देश्य से प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट सिस्टम पोर्टल लन्च किया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि इस पोर्टल पर निगम में संचालित योजनाओं/परियोजनाओं का विवरण अद्यतन प्रगति के साथ उपलब्ध रहेगा। इस सम्बन्ध में सप्ताहिक रूप से योजनाओं को अपडेट किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस पोर्टल के माध्यम से निगम में संचालित किसी भी योजना की अद्यतन प्रगति की स्थिति भी ज्ञात हो सकेगी। इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता पुनीत कुमार ओझा, महाप्रबन्धक जल महेश चन्द्र आजाद, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेन्द्र कुमार, कर निर्धारण अधिकारी हरगोविन्द सिंह यादव, सहायक अभियन्ता सिविल राजपति यादव, भरत वर्मा आदि निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्र चेतना

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 03


## कुलपति ने दीक्षांत सांस्कृतिक प्रतियोगिता के छात्रों का किया उत्साहवर्धन



**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत दीक्षांत सांसतिक कार्यक्रमों के तहत दूसरे दिन मंगलवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में चल रही पेंटिंग और रंगोली व वाद-विवाद प्रतियोगिता के छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में छात्रों की कलात्मक दक्षता को देखते हुए कहा कि भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए कौशल का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ कर हिस्सा लेते रहना चाहिए। इसके बाद कुलपति ने दीक्षांत सांसतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए संयोजक सहित पूरी टीम की सराहना की। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्रांए शामिल रहे। मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, ड0 विवेक उपाध्याय, ड0 निमिष मिश्रा, ड0 अंशुमान पाठका और ड0 महेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

स्वतंत्र चेतना

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 03

# संविधानवाद नागरिकों की रक्षा करने पर आधारित : प्रो0 सुचिता

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय के 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में विधि विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो सुचिता पांडेय, प्राचार्या बीएनकेबी पीजीकालेज ,अम्बेडकर नगर ने बताया कि संविधानवाद एक राजनीतिक सिद्धांत है, जो सरकार की शक्ति को सीमित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने पर आधारित है। विधि संकायाध्यक्ष प्रो अशोक कुमार राय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधानवाद का तात्पर्य सीमित सरकार से है, यह लोकतंत्र, कानून का शासन और मानव अधिकारों के सम्मान पर आधारित होता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को अवैध या निरंकुश शक्ति नहीं मिले। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एसोसिएट प्रोफेसर डा अजय कुमार सिंह ने कहा कि मौलिक अधिकारों के प्रावधान नागरिकों को सरकारी दमन से बचाने के लिए हैं, जबकि संविधान में संशोधन की प्रक्रिया इसे लचीला बनाती है, लेकिन इतनी सरल भी नहीं कि इसे आसानी से बदला जा सके। कार्यक्रम का संचालन वन्दना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डा सन्तोष पांडेय, ड विवेक, दिलीप शुक्ला सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# अवध गाथा

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 05


# कुलपति ने ई-समर्थ के इंप्लीमेंटेशन के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की

## ई-समर्थ से कार्यों में पारदर्शिता लाई जायेगी : प्रो. प्रतिभा गोयल

**अवध गाथा संवाददाता**

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में सोमवार को सायं चार बजे परिसर में ई–समर्थ के इंप्लीमेंटेशन के लिए कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ बैठक हुई। उन्होंने बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही आरटीआई, लीगल, परीक्षा, एकेडमिक, मार्कशीट, डिग्री जैसे सभी कार्य निष्पादित किए जाएंगे। अब सभी छात्र समर्थ पोर्टल से पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारी अपने लॉगिन के डैशबोर्ड पर पा सकेंगे। बैठक में



कुलपति प्रो. गोयल ने ई–समर्थ के इंप्लीमेंटेशन की जानकारी लेते हुए बताया कि आवासीय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के छात्रों का रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक छुट्टी का आवेदन इसके माध्यम से ही कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से ही सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कार्यालयीय कार्यों को समर्थ पोर्टल पर लाया जायेगा। जिससे कार्यों में पारदर्शिता आयेगी। बैठक में नोडल अफसर प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालय में लागू होने वाली ई गवर्नेंस की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। इस बैठक में कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 नीलम पाठक, डॉ0 पीके द्विवेदी, उपकुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, मोहम्मद सहील, प्रोग्रामर रवि प्रकाश मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

# अवध गाथा

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 03

## दीक्षांत में 114 स्वर्णपदक एवं 170 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जायेगी

- दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल करेंगी
- राज्यपाल के हाथों दो लाख 218 उपाधियां डिजिलॉकर में अपलोड होगी

**अवध गाथा संवाददाता**

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो0 भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी रहेगी। कार्यक्रम का स्वागत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होगी। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समितियां कार्यों को अंतिम रूप दे रही है।

# बस्ती की पुकार

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 04

2024 पृष्ठ : 4


# कुलपति ने ई-समर्थ के इंप्लीमेटेशन के लिए अधिकारियों के साथ किया बैठक

## ई–समर्थ से कार्यो में पारदर्शिता लाई जायेगीः– कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

**बस्ती की पुकार**



अयोध्याः– डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में सोमवार को सायं चार बजे परिसर में ई–समर्थ के इंप्लीमेंटेशन के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ बैठक हुई। उन्होंने बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही आरटीआई, लीगल, परीक्षा, एकेडमिक, मार्कशीट, डिग्री जैसे सभी कार्य निष्पादित किए जाएंगे। अब सभी छात्र समर्थ पोर्टल से पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारी अपने लॉगिन के डैशबोर्ड पर पा सकेंगे। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने ई–समर्थ के इंप्लीमेंटेशन की जानकारी लेते हुए बताया कि आवासीय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के छात्रों का रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक छुट्टी का आवेदन इसके माध्यम से ही कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से ही सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कार्यालयीय कार्यों को समर्थ पोर्टल पर लाया जायेगा। जिससे कार्यों में पारदर्शिता आयेगी।

बैठक में नोडल अफसर प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालय में लागू होने वाली ई गवर्नेंस की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। इस बैठक में कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 नीलम पाठक, डॉ0 पीके द्विवेदी, उपकुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, मोहम्मद सहील, प्रोग्रामर रवि प्रकाश मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

# बस्ती की पुकार

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 04

# दीक्षांत में 114 स्वर्णपदक एवं 170 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जायेगी

## दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल करेंगी

## राज्यपाल के हाथों दो लाख 218 उपाधियां डिजिलॉकर में अपलोड होगी

**बस्ती की पुकार**

अयोध्याः– डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत् विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो0 भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व




राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी रहेगी। कार्यक्रम का स्वागत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा

किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले

छात्र–छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होगी। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समितियां कार्यो को अंतिम रूप दे रही है।

**बस्ती की पुकार**
**हिन्दी दैनिक**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सौरभ सिंह

# बस्ती की पुकार

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 04


## संविधानवाद नागरिकों की रक्षा करने पर आधारितः-प्रो0 सुचिता पाण्डेय

### संविधान से ही सत्ता का दुरुपयोग रोका जा सकेगा :– प्रो0 अशोक राय

### अवध विवि के विधि विभाग में संगोष्ठी का आयोजन



**बस्ती की पुकार**

अयोध्या:– डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में विधि विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो० सुचिता पांडेय, प्राचार्या बी०एन०के०बी० पी०जी०कालेज ,अम्बेडकर नगर ने बताया कि संविधानवाद एक राजनीतिक सिद्धांत है, जो सरकार की शक्ति को सीमित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने पर आधारित है। यह सिद्धांत संविधान के माध्यम से सरकार के कार्यों को नियंत्रित करने का प्रयास करता है, ताकि कोई भी सरकार अपने अधिकारों का दुरुपयोग न कर सके और नागरिक स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आगे बताया कि संविधानवाद का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार कानून के दायरे में काम करे, और इसके अधिकार सीमित और स्पष्ट रूप से परिभाषित हों। यह सत्ता के बंटवारे, अधिकारों की गारंटी, निष्पक्ष मीडिया और न्यायिक समीक्षा जैसे तंत्रों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।

विधि संकायाध्यक्ष प्रो० अशोक कुमार राय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधानवाद का तात्पर्य सीमित सरकार से है, यह लोकतंत्र, कानून का शासन और मानव अधिकारों के सम्मान पर आधारित होता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को अवैध या निरंकुश शक्ति नहीं मिले। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में संविधान की अवधारणा सरकार की शक्ति को सीमित करने और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा पर आधारित है। संविधान देश का सर्वोच्च कानून है, और इसके विपरीत कोई भी कानून अमान्य हो सकता है। इसमें शक्तियों का विभाजन विधायिका, कार्यपालिका, और न्यायपालिका के बीच किया गया है, ताकि सत्ता का दुरुपयोग रोका जा सके। न्यायिक समीक्षा के माध्यम से अदालतें किसी भी कानून या सरकारी कार्रवाई की संवैधानिकता की जांच कर सकती हैं।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० अजय कुमार सिंह ने कहा कि मौलिक अधिकारों के प्रावधान नागरिकों को सरकारी दमन से बचाने के लिए हैं, जबकि संविधान में संशोधन की प्रक्रिया इसे लचीला बनाती है, लेकिन इतनी सरल भी नहीं कि इसे आसानी से बदला जा सके। समानता और स्वतंत्रता के अधिकार संविधानवाद की भावना को मजबूत करते हैं, और संविधान की प्रस्तावना में संविधानवाद की मूल भावना को दर्शाया गया है, जिसमें धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, समाजवाद और न्याय जैसे मूल्य शामिल हैं। इन सबके माध्यम से भारतीय संविधान संविधानवाद की अवधारणा को प्रभावी रूप से लागू करता है।इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है।कार्यक्रम का संचालन वन्दना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ०सन्तोष पांडेय, डॉ० विवेक, दिलीप शुक्ला सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अवध विवि की कुलपति ने दीक्षांत सांस्कृतिक प्रतियोगिता के छात्रों का किया उत्साहवर्धन

## भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए कौशल का होना जरूरीः– कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

**बस्ती की पुकार**

अयोध्याः– डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत दीक्षांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत दूसरे दिन मंगलवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में चल रही पेंटिंग और रंगोली व वाद–विवाद प्रतियोगिता के छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में छात्रों की कलात्मक दक्षता को देखते हुए कहा कि भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए कौशल का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ कर हिस्सा लेते रहना चाहिए। इसके उपरांत कुलपति ने दीक्षांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए संयोजक सहित पूरी टीम की सराहना की। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्र–छात्रांए शामिल रहे। मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 विवेक उपाध्याय, डॉ0 निमिष मिश्रा, डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 सरिता सिंह, आशीष मिश्रा, प्रवीन मिश्र और डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



राष्ट्रीय सहारा

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 03

# दीक्षांत में 114 स्वर्ण पदक 170 पीएचडी उपाधियां बंटेंगी



## राज्यपाल 114 स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी

**अयोध्या (एसएनबी)।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति/राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी महात्मा गांधी शांति एवं सतत विकास शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी रहेंगी।

कार्यक्रम में स्वागत उद्‍बोधन कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल करेंगी। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदान करेंगी। इसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होंगी। दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएंगी।

मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेंद चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समितियां कार्यो को अंतिम रूप दे रही हैं।

राष्ट्रीय सहारा

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 03

# संविधान से रुकेगा सत्ता का दुरुपयोग

**अयोध्या (एसएनबी)।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में विधि विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो. सुचिता पांडेय प्राचार्य बीएनकेबी पीजी कालेज अम्बेडकरनगर ने बताया कि संविधानवाद एक राजनीतिक सिद्धांत है, जो सरकार की शक्ति को सीमित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने पर आधारित है। यह सिद्धांत संविधान के माध्यम से सरकार के कार्यों को नियंत्रित करने का प्रयास करता है, ताकि कोई भी सरकार अपने अधिकारों का दुरुपयोग न कर सके और नागरिक स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि संविधानवाद का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार कानून के दायरे में काम करे और इसके अधिकार सीमित और स्पष्ट रूप से परिभाषित हों। यह सत्ता के बंटवारे, अधिकारों की गारंटी, निष्पक्ष मीडिया और न्यायिक समीक्षा जैसे तंत्रों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अशोककुमार राय ने



मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

कहा कि संविधानवाद का तात्पर्य सीमित सरकार से है। यह लोकतंत्र, कानून का शासन और मानव अधिकारों के सम्मान पर आधारित होता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को अवैध या निरंकुश शक्ति नहीं मिले।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में संविधान की अवधारणा सरकार की शक्ति को सीमित करने और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा पर आधारित है। संविधान देश का सर्वोच्च कानून है और इसके विपरीत कोई भी कानून अमान्य हो सकता है। इसमें शक्तियों का विभाजन विधायिका, कार्यपालिका, और न्यायपालिका के बीच किया गया है, ताकि सत्ता का दुरुपयोग रोका जा सके। न्यायिक समीक्षा के माध्यम से अदालतें किसी भी कानून या सरकारी कार्रवाई की संवैधानिकता की जांच कर सकती है।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजयकुमार सिंह ने कहा कि मौलिक अधिकारों के प्रावधान नागरिकों को सरकारी दमन से बचाने के लिए है, जबकि संविधान में संशोधन की प्रक्रिया इसे लचीला बनाती है, लेकिन इतनी सरल भी नहीं कि इसे आसानी से बदला जा सके। समानता और स्वतंत्रता के अधिकार संविधानवाद की भावना को मजबूत करते है।

संविधान की प्रस्तावना में संविधानवाद की मूल भावना को दर्शाया गया है, जिसमें धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, समाजवाद और न्याय जैसे मूल्य शामिल है। इन सबके माध्यम से भारतीय संविधान संविधानवाद की अवधारणा को प्रभावी रूप से लागू करता है। इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन वंदना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ.संतोष पांडेय, डॉ. विवेक, दिलीप शुक्ला समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विश्ववार्ता

दिनांकः 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 03

# कुलपति ने ई-समर्थ के इंप्लीमेंटेशन के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में सोमवार को सायं चार बजे परिसर में ई-समर्थ के इंप्लीमेंटेशन के लिए कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ बैठक हुई। उन्होंने बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही आरटीआई, लीगल, परीक्षा, एकेडमिक, मार्कशीट, डिग्री जैसे सभी कार्य निष्पादित किए जाएंगे। बैठक में कुलपति प्रो. गोयल ने ई-समर्थ के इंप्लीमेंटेशन की जानकारी लेते हुए बताया कि आवासीय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के छात्रों का रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक छुट्टी का आवेदन इसके माध्यम से ही कर रहे हैं। बैठक में नोडल अफसर प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालय में लागू होने वाली ई गवर्नेंस की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। इस बैठक में कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 नीलम पाठक, डॉ0 पीके द्विवेदी, उपकुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, मोहम्मद सहील, प्रोग्रामर रवि प्रकाश मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

# शांतिमोर्चा

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 08


# दीक्षांत में 114 स्वर्णपदक एवं 170 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जायेगी

## दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल करेंगी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत् विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चौयरमैन प्रो0 भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी रहेगी। कार्यक्रम का स्वागत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र–छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होगी। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समितियां कार्यों को अंतिम रूप दे रही है।

वॉयस ऑफ लखनऊ

दिनांक: 04 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 11

# दीक्षांत में 114 स्वर्णपदक एवं 170 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जायेगी

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो0 भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी रहेगी। कार्यक्रम का स्वागत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होगी। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी।